मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में युवकों के लिए रोजगार के अवसर

1021. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के युवकों के लिये रोजगार के अवसर पैदा करने के संबंध में कोई विशेष योजना बनाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) उपरोक्त योजना कब तक क्रियान्वित किये जाने की सम्भावना है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) से (ग) मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में युवकों के लिए रोजगार अवसरों के सृजन की कोई योजना सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। फिर भी, सरकार मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित देश में निम्नलिखित रोजगार सृजन योजनाएं कार्यान्वित कर रही है।

(1) ग्रामीण युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना

इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के 18-35 वर्ष की उमर वाले युवाओं को कृषि संबद्ध क्षेत्रों एवं उद्योग के विस्तृत क्षेत्रों में स्वरोजगारोन्मुखी होने के लिए योग्य बनाने हेतु तकनीकी और उद्यम कुशलता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, चयनित युवाओं में से कम से कम 50% अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों से होने चाहिये। योजना आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान जारी रहेगी।

(2) जवाहर रोजगार योजना

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार एवं अल्परोजगार वाले व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त लाभप्रद रोजगार सृजित करना है। योजना के अंतर्गत लक्षित समूह गरीबी रेखा से नीचे वाले लोग हैं जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति और मुक्त बंधुआ मजदूरों को प्राथमिकता दी जाती है। हाल ही में मध्य प्रदेश के 17 जिलों जहां बेरोजगारी और अल्प-रोजगारी की बहुतायत है, सहित 120 पिछड़े जिलों में एक गहन जवाहर रोजगार योजना कार्यान्वित की जा रही है।

(3) सुनिश्चित रोजगार योजना

यह योजना मध्य प्रदेश के 223 खण्डों सहित सभी 1,752 पुनर्गठित सार्वजनिक वितरण प्रणाली वाले खण्डों में अक्तूबर, 1993 में आरंभ की गयी। इस योजना का उद्देश्य रोजगार की आवश्यकता वाले ग्रामीण गरीबों को 100 दिन का अकुशल शारीरिक श्रम प्रदान करना है।

Allocation of Funds under the JRY for Rural Development in M.P.

1022. SHRI DILIP SINGH JUDEV: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is total amount so far provided to Madhya Pradesh during 1991-92, 1992-93, 1993-94, 1994-95 under the Jawahar Rozgar Yojana, district-wise;

(b) whether the amount provided to Madhya Pradesh for Rural and Tribal Development is adequate as per requirements to promote employment in tribal areas; and

(c) if so, the details thereof and if not, whether Government propose to allocate more amount during the financial year 1994-95 to each district of the State ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) The total central funds provided for implementation of Jawahar Rozgar Yojana (JRY) to Madhya Pradesh (MP) during 1991-92, 1992-93 and